भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग
खगोल विज्ञान केन्द्र

दिनांक:_03 **सितम्बर** 2025 / 12 **भाद्र, शक संवत** 1947

समय:_1200 घंटे

## प्रेस विज्ञप्ति

विषय: पूर्ण चंद्र ग्रहण; रविवार-सोमवार, 07–08 सितम्बर 2025, 16-17 भाद्र, शक संवत 1947

07–08 सितम्बर 2025 (16-17 भाद्र, शक संवत 1947) को पूर्ण चंद्र ग्रहण घटित होगा । भारत में सभी स्थानों से यह ग्रहण दिखाई देगा । चंद्रमा 7 सितंबर, 2025 को देर शाम पृथ्वी की उपछाया में प्रवेश करेगा और यह 8 सितंबर, 2025 की अर्धरात्रि के बाद के कुछ घंटोतक जारी रहेगा।

ग्रहण अंटार्कटिका, पश्चिमी प्रशांत महासागर, ऑस्ट्रेलेशिया, एशिया, भारत महासागर, यूरोप और पूर्वी अटलांटिक महासागर के क्षेत्रों से दृश्य होगा ।

भारत में दृश्यता:

**भारत में, ग्रहण के सभी चरण, पूर्णता सहित, पूरे देश में दिखाई देंगे।**

इस ग्रहण की प्रच्छाया प्रावस्था 07सितम्बर, 2025को भा.मा.स. अनुसार घं. 21 बजकर 57 मि. पर प्रारम्भ होगी तथा ग्रहण की प्रच्छाया प्रावस्था का अंत 08सितम्बर, 2025को भा.मा.स. अनुसार घं. 01 बजकर 27 मि. पर होगा ।

इस ग्रहण की पूर्णता07सितम्बर, 2025को भा.मा.स. अनुसार घं. 23बजकर 00 मि. पर प्रारम्भ होगी तथा ग्रहण की पूर्णता का अंत 08 सितम्बर, 2025को भा.मा.स. अनुसार घं. 00 बजकर 23 मि. पर होगा ।

ग्रहण की अवधि 03 घंटा 30 मिनट की होगी जिसकापरिमाण1.368होगा।

ग्रहण के पूर्णता कि अवधि 01 घंटा 23 मिनट की है।

भारत में दृश्य अगला चंद्र ग्रहण 03मर्च2026 को घटित होगा जो कि पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा ।

भारत में दृश्य पिछला चंद्र ग्रहण 28अक्टूबर2023 को घटित हुआ था जो कि आंशिक ग्रहण था ।

चंद्र ग्रहण पूर्णिमा को घटित होता है जब पृथ्वी सूर्य एवं चंद्रमा के बीच आ जाती है तथा ये तीनों एक सीधी रेखा में अवस्थित हो जाते हैं । पूर्ण चंद्र ग्रहण तब घटित होता है जब पूरा चंद्रमा पृथ्वी की प्रच्छाया से आवृत हो जाता है तथा आंशिक चंद्र ग्रहण तब घटित होता है जब चंद्रमा का एक हिस्सा ही पृथ्वी की प्रच्छाया से ढक पाता है ।